मॉडल प्रश्न–पत्र–I

कक्षा – बारहवीं

विषय – व्यवसाय अध्ययन

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति व खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (I) है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (II) है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

(खण्ड–अ)

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

(i) वैज्ञानिक प्रबन्ध के जन्मदाता के रूप में कौन जाने जाते हैं–

(अ) पीटर एफ. ड्रकर (ब) हेनरी फेयोल

(स) एफ. डब्ल्यू टेलर (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ii) कर्मचारियों की कुशलता एवं योग्यता के विकास के लिए सीखने को क्या कहते हैं–

(अ) प्रशिक्षण (ब) विकास

(स) भर्ती (द) चयन

(iii) एक्स लि. को बादल के फटने से हानि हुई–

(अ) प्राकृतिक कारण (ब) राजनैतिक कारण

(स) भौतिक कारण (द) आर्थिक कारण

(iv) एक ऐसा व्यवसायिक संगठन, जिसकी स्थापना दो अलग–अलग व्यवसायिक इकाइयों से मिलकर की है, को कहते हैं–

(अ) एकल स्वामित्व (ब) संयुक्त उपक्रम

(स) सहकारी समिति (द) सार्वजनिक कम्पनी

(v) विपणन मिश्रण का कौन–सा औजार ब्रान्ड के नाम से सम्बंधित है–

(अ) उत्पाद (ब) मूल्य

(स) स्थान (द) प्रवर्तन

(खण्ड–ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) स्वरोजगार के लिए .... की आवश्यकता होती है।

(ii) छोटे व्यवसाय का कार्यक्षेत्र .... होता है।

(iii) प्रबंध कला एवं .... दोनों है।

(iv) प्रशिक्षण .... प्रक्रिया है।

(v) नियन्त्रण .... चलने वाली प्रक्रिया है।

(iv) .... अंश धारियों को मताधिकार होता है।

(v) भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम .... में बना है।

(खण्ड–स)

(स) सत्य/असत्य लिखिए–

(i) हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध के चौदह सिद्धांत है।

(ii) प्रबंध के दो स्तर होते हैं।

(iii) नियोजन एवं नियंत्रण भविष्य की ओर देखते हैं।

(iv) समता अंशधारी कम्पनी के सचिव होते हैं।

(v) प्राथमिक बाजार कम्पनियों के लिए अंशों व ऋणपत्रों के नवीन निर्गमन द्वारा अल्पकालीन वित्त की व्यवस्था करता है

(vi) शेयर बाजार में इसके सदस्यों या उनके अधिकृत अभिकर्ताओं के मध्य सौदा संपन्न होता है।

(vii) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीपीए) 1986 में पारित किया गया।

(vii) उपभोक्ता सहकारी भंडार बाजार से अधिक मूल्य पर वस्तुएँ उपलब्ध कराते हैं।

प्रश्न 2. 'पेशा' शब्द का क्या आशय है ?

प्रश्न 3. बन्धक भंडारगृह से क्या आशय है ?

प्रश्न 4. सहकारी समितियों के कोई दो प्रकार के नाम लिखिए।

प्रश्न 5. संयुक्त उपक्रम का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 6. स्वरोजगार का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 7. समन्वय से आपका क्या आशय है ?

प्रश्न 8. नियंत्रण के महत्व के दो कारण लिखिए।

प्रश्न 9. बिल को बट्‌टे पर भुनाने का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 10. किन्हीं दो विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 11. बैंक अधिविकर्ष से क्या आशय है ?

प्रश्न 12. वित्तीय नियोजन से क्या आशय है ?

प्रश्न 13. उपभोक्ता संरक्षण का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 14. विज्ञापन व विक्रय प्रवर्तन में तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. एक अच्छे नेता के किन्हीं तीन गुण लिखिए।

प्रश्न 16. नियन्त्रण के किन्हीं विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 17. नियोजन की तीन सीमाओं को लिखिए।

प्रश्न 18. व्यावसायिक जोखिम के किन्हीं तीन भौतिक कारणों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. एकल स्वामित्व व्यवसाय के तीन गुण लिखिए।

प्रश्न 20. प्रबंध के किन्हीं चार उद्देश्य को समझाइये।

अथवा

प्रबंध के चार महत्व को समझाइये।

प्रश्न 21. समता अंश औरर पूर्वाधिकार अंशों में चार अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अंश और ऋणपत्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 22. शेयर बाजार (स्टॉक एक्सचेंज) के दो कार्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

मुद्रा बाजार के किन्हीं दो प्रलेख या प्रतिभूतियाँ का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. विज्ञापन के चार उद्देश्य लिखिए।

अथवा

मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाले चार कारक लिखिए।

प्रश्न 24. प्रशिक्षण के महत्व का उल्लेख कीजिए। (कोई पाँच)

अथवा

योजना के महत्व का उल्लेख कीजिए। (कोई पाँच)

प्रश्न 25. विक्रय और विपणन में कोई पाँच अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

विपणन की पारम्परिक अवधारणा और विपणन की आधुनिक अवधारणा में पाँच अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 26. विज्ञापन के किन्हीं दो माध्यम को समझाइये।

अथवा

उत्पाद मिश्रण के संघटकों को संक्षेप में समझाइये।

प्रश्न 27. उपभोक्ता के किन्हीं तीन अधिकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

विदेशी व्यापार की किन्हीं तीन कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।